आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 14.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेशभर में रंगों का पर्व होली पारम्परिक उत्साह से मनाया गया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में अपने आवास पर रंगोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की।
- देशभर में पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना में लाभार्थियों की संख्या 10 लाख के पार।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हुई बारिश से तापमान में मामूली गिरावट–कुछ स्थानों पर ओले गिरने के समाचार।

000

प्रदेशभर में आज रंगों का पर्व होली उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। सुबह से ही बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग एक–दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे हैं। धुलण्डी के अवसर पर मंदिरों में भी भजन–कीर्तन और रंगोत्सव के आयोजनों में दर्शनार्थियों की भीड़ नजर आई। करौली के प्रसिद्ध मदन मोहन मंदिर और चित्तौड़गढ़ के सांवलिया मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। राजधानी जयपुर में भी होली का उत्साह नजर आया। शहर के गोविंददेव जी मंदिर में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य के दर्शन कर फागोत्सव में शिरकत की। वहीं होटल खासाकोठी में विदेशी पर्यटकों के लिए विशेष होली समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सैलानियों ने लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ होली का आनन्द लिया। राजभवन में होली का पर्व उत्साह से मनाया गया। ढोल और चंग की थाप पर लोक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आगुन्तकों का गुलाल लगाकर अभिनन्दन किया और होली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जयपुर स्थित निवास पर रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने मुख्यमंत्री के गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। श्री शर्मा ने इस दौरान बड़ी संख्या में आये लोगों से प्राकृतिक रंगों और फूलों से होली खेली। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों से कटुता को भुलाकर होली रंगों में सराबोर होने का आह्वान किया।

........................

इस अवसर पर लोक कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से ब्रज की संस्कृति को साकार कर दिया।

.................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज होली का पर्व कोटा में मनाया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने होली पर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

...............

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की और होली की शुभकामनाएं दी। चूरू में होली का त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाया गया। झुन्झुनू में धुलण्डी के मौके पर खैमी शक्ति मन्दिर में फूलों की होली खेली गई। वहीं मण्डावा में बड़ी संख्या विदेशी सैलानियों ने लोक गीतों और विदेशी म्यूजिक की धुनों पर जमकर नृत्य किया। झालावाड़ जिले में भी होली का पर्व पारम्परिक उल्लास से मनाया गया। जिले के झालरापाटन स्थित द्वारिकाधीश मन्दिर में फागोत्सव के दौरान भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के साथ होली खेली। स्वर्ण नगरी जैसलमेर में धुलण्डी पर्व पर सोनार दुर्ग स्थित लक्ष्मीनारायण मन्दिर में फागोत्सव का आयोजन हुआ। सोनार दुर्ग के व्यास मौहल्ले में बादशाह और शहजादे की सवारी निकाली गई। पाली में सांसद मदन राठौड़ ने स्थानीय लोगों के साथ होली खेली और लोगों को शुभकामनाएं दी। राजसमंद जिले के श्रीनाथ जी मन्दिर में डोलोत्सव मनाया गया और अबीर गुलाल उड़ाई गई।

..................

सवाईमाधोपुर जिले में रणथम्भौर रोड़ स्थित होटलों में सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें देशी–विदेशी सैलानियों ने शिरकत की। भीलवाडा जिले के शाहपुरा में आज रामस्नेही संप्रदाय के वार्षिक फूलडोल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। यह महोत्सव 19 मार्च तक चलेगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को एकता का रंग मजबूत करने वाला बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बधाई संदेश में होली के पावन पर्व को नई ऊर्जा का संचार करने वाला बताया है। होली और रमजान का जुमा एक ही दिन पड़ने के कारण प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

प्रदेशभर में होली को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। प्रदेशभर में कल पुलिसकर्मी होली खेलेगें।

000

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह क्षेत्र देशभर में केसर की खेती का अगला महत्वपूर्ण केंद्र भी बनेगा। आज शिलांग में नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच के नए स्थायी परिसर की आधारशिला रखते हुए श्री सिंह ने कहा कि सरकार की मिशन केसर पहल के तहत 2021 से सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में केसर की खेती की जा रही है। श्री सिंह ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के मेंचुखा और सिक्किम के युकसोम में अब बड़े पैमाने पर केसर की खेती की जा रही है। इसे नगालैंड और मणिपुर तक बढ़ाने की योजना है। इससे पूर्वोत्तर क्षेत्र जम्मू–कश्मीर के पंपोर के बाद भारत का अगला महत्वपूर्ण केसर उत्पादन क्षेत्र बन जाएगा।

000

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को **'प्राथमिक क्षेत्र ऋण'** में शामिल करके उन्हें वित्त प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इससे जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश की लड़ाई में तेजी आई है। नई दिल्ली में कल **'जलवायु परिवर्तन– जोखिम और वित्त'** के बारे में एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रीय बैंकों ने अपने देश की परिस्थितियों को देखते हुए कुछ क्षेत्रों के लिए निर्देशित ऋण नीतियों को अपनाया है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं जैसे सौर, बायोमास आधारित, पवन चक्कियों, सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली और दूरदराज के गांवों में विद्युतीकरण परियोजनाओं को ऋण मंजूर करने के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना गया है।

000

दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू सौर ऊर्जा पहल–पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना ने 10 लाख लाभार्थियों की उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल फरवरी में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक छह लाख से ज्यादा लाभार्थियों को सब्सिडी के रूप में 4 हजार 770 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

000

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने खेलों में आयु संबंधी धोखाधड़ी के खिलाफ राष्ट्रीय संहिता 2025 के मसौदे पर लोगों और हितधारकों से प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। इसका उद्देश्य आयु धोखाधड़ी को कम करना और वास्तविक एथलीटों की रक्षा करना है। यह संहिता आयु रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के दोषी पाए जाने वाले एथलीट, कोच और अधिकारियों पर कठोर दंड लागू करेगी।

000

भारत ने दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रॉ–प्री 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 स्वर्ण, 40 रजत और 49 कांस्य सहित कुल 134 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय एथलीट्स ने

ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में कमाल का प्रदर्शन किया है। पुरुष शॉटपुट में भारत ने सभी पदक जीत लिए। भारत के सागर ने 11 दशमलव चार–सात मीटर तक गोला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। जंका सिंह ने रजत और बालाजी राजेन्द्रन ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की 200 मीटर दौड में भारत के विनय ने रजत और अभिषेक बाबा साहिब जाधव ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में भारत की प्रीति पाल ने ब्रोंज मैडल अपने नाम किया।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में सीकर, भरतपुर, अलवर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, झुन्झुनू, दौसा और जयपुर सहित कई जिलों में बारिश हुई। वहीं कई स्थानों पर ओले गिरने के भी समाचार हैं। मौसम में आये बदलाव से कई स्थानों पर तापमान में मामूली गिरावट दर्ज हुई। झुन्झुनू जिले के मलसीसर, टमकोर और पिलानी इलाके में कई स्थानों पर ओले गिरे।

..............

हनुमानगढ़ जिले में आज दोपहर बाद हल्की बूंदा–बांदी हुई। पाली में आज सुबह से ही बादल छाये रहे और मौसम सुहावना बना हुआ है।

मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ का असर आज और कल भी बने रहने की संभावना जताई है। आज 8 जिलों और कल 11 जिलों में आंधी, बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

000